अमरीकी राष्ट्रपति द्वारा वस्त्र आयात के लिए कोटा-प्रणाली के समापन के संबंध में आश्वासन

2362. श्री सुन्दर सिंह भंडारी : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अमरीकी राष्ट्रपति ने अपने देश के वस्त्र निर्माताओं को यह आश्वासन दिया है कि तीसरी दुनियां से आयात संबंधी कोटा-प्रणाली को अगले पन्द्रह वर्षों तक समाप्त नहीं किया जाएगा :

(ख) इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) अमरीका द्वारा वस्त्रों पर लगाए जाने वाले शुल्क को कम कराने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है; और

(घ) मुक्त विश्व व्यापार के सपने को साकार करने के लिए भारत द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी) : (क) से (घ) यह रिपोर्ट मिली थी कि अमरीकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि बहु रेशा व्यवस्था (एम एफ ए) को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने की अवधि को 10 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष करने की संभावना का पता लगाया जाएगा। सरकार ने ऐसे प्रस्ताव के संबंध में अपना कड़ा विरोध अमरीकी प्रशासन को सूचित किया था। परन्तु अमरीका ने उरूग्वे दौर की उन समझौता-वार्ताओं में औपचारिक रूप से यह प्रस्ताव नहीं रखा था, जिनके समापन पर उक्त व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने की अवधि 10 वर्ष बनी रही है। बाजार पहुंच अनुसूचियों के पुष्टिकरण और परिशोधन का जो कार्य 15 दिसम्बर, 1993 के बाद भी जारी रहेगा, उससे हमें वस्त्र क्षेत्र में अधिक बाजार पहुंच की बात पर फिर से बलपूर्वक कहने का अवसर मिलेगा।

भारत ने उरूग्वे दौर की वार्ताओं में रचनात्मक रूप से भाग लिया है। दौर के समापन के साथ ही ऐसी आशा है कि विश्व व्यापार प्रणाली के खंड-खंड होने की प्रवृत्तियां रूकेंगी, संरक्षणवादी प्रवृत्तियां पलटेंगी अर्थात् कम होंगी और राष्ट्र एवं प्रत्याशा के वातावरण में व्यापार उदारीकरण का लाभ उठा सकेंगे।

CONTRIBUTION OF TOBACCO CROP BY STATES AND E.O.U. FOR EXPORT OF CIGARETTES

2363. SHRI V. HANUMANTHA RAO : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) the contribution of tobacco crop from different States respectively and the quantity of tobacco and average production respectively;

(b) whether it is a fact that a large multi-national Reynolds and Co. is setting up a cigarette manufacturing company in Andhra Pradesh for complete exports;

(c) details of this project;

(d) stage of completion of this project;

(e) wheher it is a fact that new areas must be brought under tobacco to meet this demand; and

(f) the steps proposed to encourage tobacco farmers to enhance production ?